
Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

# Passage Test for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

## Hindi Passage Quiz 8

**दिशानिर्देश: नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और इस पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दे:**

मीडिया का अर्थ होता है दो बिन्दुओ को जोड़ने वाला। मीडिया संप्रेषक और श्रोता को परस्पर जोड़ता है। किसी भाव, विचार या जानकारी को जन जन तक पहुंचाने की प्रकिया जनसंचार कहलाती है। जनसंचार का उद्देश्य जानकारी या विचारो को समाज के जन समुदाय तक पहुंचाना है, उनसे साझा करना है। जिससे कि वे इससे अवगत हो सके तथा लाभान्वित हो सके। संचार को परिभाषित करते हुए प्रसिद्ध संचारवेत्ता डेनिस मैकवेल ने लिखा है "एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक अर्थपूर्ण संदेशो का आदान प्रदान ही संचार है।"संचार माध्यम का मुख्य केंद्र समाज है, जहाँ संचार की प्रक्रिया घटित होती है। संचार का लक्ष्य है-सूचनात्मक, प्रेरणात्मक, शिक्षात्मक व मनोरंजनात्मक।

सुचना संचार प्रणाली किसी भी व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अंग्रेज हो या हिटलर जैसे तानाशाह सब यह जानते थे कि सैन्य शक्ति के अलावा असली सत्ता जनसंचार में निहित होती है। आज भी यह शक्ति भूमण्डलीकरण की जान है। साहित्य भी संचार माध्यम का एक प्रकार ही है जो कि सूचनाओं का सम्प्रेषण करता है लेकिन संचार माध्यम की प्रभावोत्पादक गति अधिक तीव्र होती है क्योकि वे तुरंत और दूरगामी असर करते है।

इक्कीसवी सदी का जनसंचार हमारे जीवन तथा राष्ट्रीय विकास और उसकी दिशा निर्धारण का एक अभिन्न अंग बन चुका है। प्रातः होते ही अधिकतर लोग समाचार पत्र पढ़ने में व्यस्त हो जाते है तो सुदूर गॉवो के कुछ लोग रेडियो खोल लेते है, कुछ अन्य लोग दूरदर्शन पर आँख कान लगाए बैठ जाते है। इन बिभिन्न माध्यमों से हम राजनैतिक आर्थिक सामाजिक खेलकूद आदि से सम्बंधित गतिविधियों के समाचारो के अतरिक्त विविध प्रकार के मनोरंजन का लाभ उठाते है। इन माध्यमों से प्रसारित विभिन्न विज्ञापन हमे उपभोक्ता संस्कृति से अनायास ही जोड़े रखते है। सच तो यह है कि जन संचार के इन माध्यमों ने व्यक्ति-व्यक्ति से लेकर जन समूह तक तथा एक देश से लेकर विश्व के विभिन्न देशो को एक सूत्र में बांध दिया है। इस बंधन के परिणामस्वरूप जनसंचार माध्यम राष्ट्रीय तथा वैश्विक स्तर चिंतन, विचार, राजनीति, अर्थ, संस्कृति आदि के क्षेत्रो में सम्मलित प्रभाव डालने लगे है, और उनमे विश्व का मानचित्र बदलने की क्षमता विकसित हो चुकी है। जनसंचार का उद्देश्य है विविध प्रकार के भावो, विचारो और जानकारियों को अत्याधिक लोगो तक पहुँचाना। जन संचार के माध्यम से भावो, विचारो और जानकारियों का आदान प्रदान होता है।

दृश्य-श्रव्य माध्यमों के अंतर्गत नए जनसंचार माध्यमों का विकास हो रहा है। दृश्य या लिखित जनसंचार माध्यम जिसमे संचार, पत्र, पत्रिकाएं, पोस्टर आदि की गणना की जाती है। श्रवजनसंचार माध्यम जिसमे रेडियो, टेलीफोन, ऑडियो-कैसेट फ़ोन आदि दृश्य-श्रव्य जनसंचार माध्यम जैसे चलचित्र, दूरदर्शन आदि।

Smartkeeda
The Question Bank

**1. उपरोक्त गद्यांश में प्रयुक्त शब्द "दृश्य-श्रव्य" में कौन सा समास है?**

A. बहुब्रीहि
B. द्वन्द
C. द्विगु
D. कर्मधारय
E. तत्पुरुस

**2. संचार का प्रमुख लक्ष्य क्या है?**

A. सूचनात्मक
B. प्रेरणात्मक
C. शिक्षात्मक
D. मनोरंजनात्मक
E. उपरोक्त सभी

**3. उपरोक्त गद्यांश में प्रयुक्त शब्द "संप्रेषक" का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?**

A. सुनने वाला
B. देखने वाला
C. D और E दोनों
D. भेजने वाला
E. प्रेषणकर्ता

**4. "संचार-प्रक्रिया का मुख्य केंद्र समाज है "इस कथन में समाज को प्रमुख केंद्र क्यों कहा गया है?**

A. क्योकि संचार की प्रक्रिया समाज में ही घटित होती है।
B. क्योकि संचार के दोनों बिंदु अर्थात संप्रेषक और श्रोता दोनों ही समाज में ही रहते है।
C. क्योकि जिन दो व्यक्तियों के बीच संचार का आदान प्रदान होता है वे इसी समाज अभिन्न अंग है।
D. उपरोक्त सभी
E. A और B दोनों

**5. उपरोक्त गद्यांश में प्रयुक्त शब्द "प्रभावोत्पादक" में कौन सा संधि है?**

A. दीर्घ-संधि
B. गुण-संधि
C. अयादि-संधि
D. व्यंजन-संधि
E. वृद्धि-संधि

Smartkeeda
The Question Bank

**6. उपरोक्त दिए गए गद्यांश में प्रयुक्त शब्द "अनायास" का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन सा है?**

A. स्वतः
B. मुश्किल
C. कठिन
D. A और C दोनों
E. मेहनत

**7. उपरोक्त गद्यांश के सन्दर्भ में साहित्य और संचार माध्यम के बीच कौन सा कथन सत्य है?**

A. दोनों साहित्य और संचार सूचनाओं का सम्प्रेषण करते है।
B. संचार-माध्यम की गति साहित्य की गति से ज्यादा प्रभावात्मक एवं दूरगामी होती है।
C. साहित्य की गति संचार-माध्यमों की गति से ज्यादा प्रभावोत्पादक होती है।
D. संचार-माध्यम साहित्य का एक प्रकार है।
E. A और B दोनों सत्य है।

**8. विकल्पों में दिए गए संचार-माध्यमों में से कौन सा दृश्य-श्रव्य माध्यम का एक प्रकार है?**

A. दूरदर्शन
B. रेडियो
C. पत्रिकाएं
D. साहित्य
E. उपरोक्त सभी

**9. ये किनका मानना था कि सैन्य-शक्ति के अलावा असली सत्ता जनसंचार में निहित है?**

A. अंग्रेजो का
B. हिटलर जैसे तानाशाह का
C. A और B दोनों
D. डेनिस मैकवेल का
E. उपरोक्त सभी का

**10. गद्यांश में प्रयुक्त शब्द "संस्कृति" का संधि-विच्छेद क्या है?**

A. सम + कृति
B. संस + कृति
C. सम + आकृति
D. सम् + कृति
E. A और D दोनों

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B | E | C | D | B | A | E | A | C | E |

**Explanation:**

1. जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हो तथा विग्रह करने पर बीच में 'और' / 'या' का बोध होता हो उसे द्वन्द समास कहते है। यहाँ "दृश्य-श्रव्य" में दोनों ही पद प्रधान है। अतः उपरोक्त शब्द-समूह में द्वन्द-समास है।

   द्वंद्व समास में योजक चिन्ह (–) और 'या' का बोध होता है।

   अतः विकल्प B सही है।

2. **....... संचार माध्यम का मुख्य केंद्र समाज है, जहाँ संचार की प्रक्रिया घटित होती है। ......** गद्यांश के इस भाग से स्पष्ट होता है कि संचार के प्रमुख लक्ष्य-सूचनात्मक,प्रेरणात्मक,शिक्षात्मक तथा मनोरंजनात्मक है।

   अतः विकल्प E सही है।

3. शब्द "संप्रेषक" का अर्थ होता है-वह व्यक्ति जो किसी के पास कोई वस्तु भेजे अर्थात भेजने वाला या प्रेषण करने वाला।

   **अतः विकल्प C सही है।**

4. **.... एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक अर्थपूर्ण संदेशो का आदान प्रदान ही संचार है। ....** उपरोक्त गद्यांश के इस भाग के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि जिन दो व्यक्तियों (जिन्हे हम दूसरे शब्दों में संप्रेषक और श्रोता कहते है) के बीच संचार का आदान-प्रदान होता है वे दोनों ही इसी समाज के अभिन्न अंग है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि संचार की सम्पूर्ण प्रक्रिया इसी समाज में घटित होती है। अतः समाज को संचार-प्रक्रिया का मुख्य केंद्र कहा गया है।

   **अतः विकल्प D सही है।**

5. शब्द "प्रभावोत्पादक" का संधि-विछेद होता है-प्रभाव +उत्पादक। यहाँ "अ" और "उ" मिलकर "ओ" हो जा रहे है। अतः यह गुण-संधि का एक प्रकार है।

   जब संधि करते समय (अ, आ) के साथ (इ, ई) हो तो 'ए' बनता है, जब (अ, आ) के साथ (उ, ऊ) हो तो 'ओ' बनता है, जब (अ, आ) के साथ (ऋ) हो तो 'अर' बनता है तो यह गुण संधि कहलाती है। जैसे-ग्राम + उत्थान : ग्रामोत्थान **(अ + उ = ओ)**

   **अतः विकल्प B सही है।**

6. उपरोक्त गद्यांश में प्रयुक्त शब्द "अनायास" का अर्थ होता है-स्वतः। जैसे उदहारण के लिए शब्द-समूह "अनायास-सफलता" का अर्थ होता है वैसी सफलता जो खुद ही मिल गयी या जिसके लिए कोई प्रयास नहीं करना पड़ा।

   **अतः विकल्प A सही है।**

7. **.... साहित्य भी संचार माध्यम का एक प्रकार ही है जो कि सूचनाओं का सम्प्रेषण करता है ....** उपरोक्त गद्यांश के इस भाग के गहन अध्ययन से हमे ज्ञात होता है कि विकल्प A और B में दिए गए निष्कर्ष पूर्णतः सत्य है। विकल्प C के निष्कर्ष गलत है क्योकि साहित्य से ज्यादा प्रभावोत्पादक गति संचार माध्यमों की होती है। विकल्प D का निष्कर्ष भी गलत है क्योकि संचार-माध्यम साहित्य का एक प्रकार नहीं अपितु साहित्य संचार-माध्यम का एक प्रकार है।

Smartkeeda The Question Bank

**अतः विकल्प E सही है।**

8. **.... दृश्य-श्रव्य माध्यमों के अंतर्गत नए जनसंचार माध्यमों का विकास हो रहा है। ....** उपरोक्त गद्यांश के इस भाग के अध्ययन से हमे ज्ञात होता है कि दूरदर्शन दृश्य-श्रव्य संचार माध्यम का एक प्रकार है जबकि रेडियो श्रव्य संचार माध्यम तथा पत्रिकाएं एवं साहित्य दृश्य संचार माध्यम का प्रकार है।

**अतः विकल्प A सही है।**

9. **.... सुचना संचार प्रणाली किसी भी व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ....** गद्यांश के इस भाग के अध्ययन से हमे यह ज्ञात होता है कि अंग्रेजो और हिटलर दोनों का मानना था कि सैन्य-शक्ति के अलावा असली सत्ता जनसंचार में निहित है।

**अतः विकल्प C सही है।**

10. गद्यांश में दिया गया शब्द "संस्कृति" का संधि-विच्छेद होता है-**सम् + कृति,** यह एक व्यंजन संधि का प्रकार है।

**अतः विकल्प E सही है।**

Smartkeeda
The Question Bank

SmartKeeda
The Question Bank

Presents

# TestZone

India's least priced Test Series platform

JOIN

## ALL BANK EXAMS

2020-2021 Test Series

@ Just

₹599/-

300+ Full Length Tests

- Brilliant Test Analysis
- Excellent Content
- Unmatched Explanations

JOIN NOW